MSK 008

स्नातकोत्तर उपाधि संस्कृत कार्यक्रम (एम.एस.के.)

एम.ए. संस्कृत कार्यक्रम (MSK)

परास्नातक कार्यक्रम

MSK 008 संस्कृत साहित्यः गद्य, पद्य एवं नाटक

स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध

(द्वितीय वर्ष)

सत्रीय कार्य– जुलाई 2023 एवं जनवरी 2024 सत्रों के लिए

मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

परास्नातक कार्यक्रम सत्रीय कार्य 2023–24

पाठ्यक्रम कोड : MSK008 2023–24

प्रिय छात्र/छात्राओं,

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (TMA) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएँगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें। निर्देश :– सत्रीय कार्य आरम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दायें सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।

2) बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख करें जैसा आगे दिखाया गया है :

अनुक्रमांक : .....

नाम : .....

पता : .....

....

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : .....

..... सत्रीय कार्य कोड : .....

..... अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : .....

.....

दिनांक : .....

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

1- अध्ययन : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढगं से व्यवस्थित कीजिए।

2- अभ्यास : उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे दने ा चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार दने ा चाहिए। यह सुनिश्चित कर लीजिए कि : क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो, ख) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो, ग) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

3- प्रस्तुति : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसे साफ और सुन्दर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं के साथ।

नोट : याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सत्रीय कार्य जमा कराने की तथियाँ

जुलाई 2023 सत्र के लिए– 31 मार्च 2024

जनवरी 2024 सत्र के लिए – 30 सितंबर 2024

सत्रीय कार्य :

MSK 008 संस्कृत साहित्यः गद्य, पद्य एवं नाटक

पाठ्यक्रम कोड – MSK 008

पाठ्यक्रम शीर्षक– संस्कृत साहित्यः गद्य, पद्य एवं नाटक

सत्रीय कार्य – MSK – 008/TMA/2023-2024

पूर्णांक – 100

नोट – सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए – 4×15

(क) प्रयातुमस्माकमियं कियत्पदं धरा तदम्भोधिरपि स्थलायताम्।

इतीव वाहैनिजवेगदर्पितैः पयोधिरोधक्षममुद्धतं रजः ।।

अथवा

अधीतिबोधाचरणप्रचारणैर्दशाश्चतस्रः प्रणयन्नुपाधिभिः ।

चतुर्दशत्वं कृतवान्कुतः स्वयं न वेद्मि विद्यासु चतुर्दशस्वयम्।।

(ख) अथ गीतावसाने मूकीभूतवीणा प्रशान्तमधुकररुतेव कुमुदिनी सा कन्यका समुत्थाय प्रदक्षिणीकृत्य कृतहरप्रणामा परिवृत्य स्वभावधवलया तपःप्रभावप्रगल्भया दृष्टया समाश्वासयन्तीव , पुण्यैरिव स्पृशन्ती तीर्थ जलैरिव प्रक्षालयन्ती , तपोभिरिव पावयन्ती , शुद्धिमिव कुर्वाणा , वरदानम्

इवोपपादयन्ती पवित्रतामिव नयन्ती , चन्द्रापीडमाबभाषे – स्वागतमतिथये , कथमिमां भूमिमनुप्रातो महाभागः , तदुत्तिष्ठ , आगम्यताम् , अनुभूयता मतिथिसत्कारः इति । एवमुक्तस्तु तया सम्भाषण – मात्रेणैवानुगृहीतमात्मानं मन्यमान उत्थाय भक्तया कृतप्रणामो भगवति ! यथाज्ञापयसि इत्यभिधाय दर्शितविनयः शिष्य इव ता व्रजन्तीमनुवव्राज ।

अथवा

प्रत्युषसि तूत्थाय तस्मिन्नेव सरसि स्नात्वा कृतनिश्चया , तत्प्रीत्या तमेव कमण्डलुमादाय तान्येव च वल्कलानि तामेवाक्षमालां गृहीत्वा , बुद्ध्वा निःसारतां संसारस्य , ज्ञात्वा च मन्दपुण्यतामात्मनः , निरूप्य चाप्रतीकारदारुणतां व्यसनोपनिपातानाम् , आकलय्य दुर्निवारतां शोकस्य , दृष्ट्वा च निष्ठुरतां देवस्य , चिन्तयित्वा चातिबहुलदुःखतां

स्नेहस्य , भावयित्वा चानित्यतां सर्वभावानाम् , अवधार्य चाकाण्डभङ्गुरतां सर्वसुखानाम् , अविगणय्य तातमम्बां च , परित्यज्य सह परिजनेन सकलबन्धुवर्गम् , निवर्त्य विषयसुखेभ्यो मनः , संयम्येन्द्रियाणि, गृहीतब्रह्मचर्या ,देवं त्रैलोक्यनाथमनाथशरणमिम शरणार्थिनी स्थाणुमाश्रिता ।

(ग) वितरति गुरुः प्राज्ञे विद्यां यथैव तथा जडे

न तु खलु तयोर्ज्ञाने शक्ति करोत्यपहन्ति वा ।

भवति हि पुनर्भूयान् भेदः फलं प्रति तद्यथा

प्रभवति शुचिर्बिम्बग्राहे मणिर्न मृदादयः ।।

अथवा

ये कुन्दद्युतयः समस्तभुवनैः कर्णावतंसीकृता

यैः सर्वत्र शलाकयेव लिखितैर्दिग्भित्तयश्चित्रिताः।

यैर्वक्तुं हृदि कल्पितैरपि वयं हर्षेण रोमाञ्चिता–

स्तेषां पार्थिवपुंगवः स महतामेको गुणानां निधिः।।

अथवा

त्रिदिवसमृद्धिस्पर्द्धया भान्ति यस्यां

सुरसदनशिखाग्रेष्वाग्रहग्रन्थिनद्धा।

नभसि पवनवेल्लत्पल्लवैरुल्लसद्भिः

परममिह वहन्त्यो वैभवं वैजयन्त्यः।।

प्र. 2. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4×10

(क) श्री हर्ष के व्यक्तित्व व कृतित्व को अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) नैधषीयचरितम् के प्रथम सर्ग के आधार पर सांस्कृतिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ग) महाकवि बाणभट्ट की काव्यशैली का वर्णन कीजिए।

(घ) नलचम्पू में प्रतिपादित सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए।

(ड.) भवभूति की भाषा शैली का वर्णन कीजिए ।